प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या... 79/2025)
भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर , 21 अगस्त 2025

तत्काल प्रकाशन हेतु

वेबसाइट www.trai.gov.in

# भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने कोटा सिटी और बांदीकुई-भरतपुर-कोटा रेल मार्ग (राजस्थान) पर मोबाइल नेटवर्क की गुणवत्ता का आकलन किया

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने दूर संचार उपभोक्ताओं के लिए जुलाई 2025 के महीने के दौरान कोटा शहर और बांदीकुई-भरतपुर-कोटा रेल मार्ग (राजस्थान एलएसए में) पर क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर द्वारा आयोजित इंडिपेंडेंट ड्राइव टेस्ट (आईडीटी) के निष्कर्ष जारी किए।

ये ड्राईव टेस्ट मोबाइल नेटवर्क के वास्तविक प्रदर्शन को विभिन्न उपयोग वातावरणों- शहरी क्षेत्रों, हॉटस्पॉट, सार्वजनिक परिवहन केंद्रों आदि में आंकने के लिए डिज़ाइन किये गए हैं । इस प्रकार के ड्राइव टेस्ट में 2जी, 3जी, 4जी और 5जी नेटवर्क पर सभी दूरसंचार ऑपरेटरों के सिम कार्ड का उपयोग करके लाइव डेटा और वॉयस सैशन स्थापित किए जाते हैं। इसमें विभिन्न प्रकार के उन्नत टेस्ट हैंडसेट का उपयोग किया जाता है और अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर सिस्टम का उपयोग करते हुए सैशन की निगरानी और विश्लेषण रीयल टाईम के आधार पर किया जाता है। ड्राइव टेस्ट के दौरान एकत्र किए गए डेटा का विश्लेषण विशेष उपकरणों का उपयोग करके किया जाता है और अंतिम रिपोर्ट इसी विश्लेषण के आधार पर तैयार की जाती है।

भादूविप्रा ने अपनी नियुक्त एजेंसी के माध्यम से **राजस्थान एलएसए में** 01-07-2025 से 05-07-2025 के दौरान 310.5 किलोमीटर के सिटी ड्राइव, 10 हॉटस्पॉट जगहों, कोटा शहर में 1.1 किलोमीटर के वॉक टेस्ट और बांदीकुई से भरतपुर से कोटा तक 386.6 किलोमीटर के रेलवे मार्ग में विस्तृत ड्राइव टेस्ट किए। ये टेस्ट ट्राई क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर की देखरेख में आयोजित किए गए थे। आईडीटी के दौरान, इस क्षेत्र में कार्य कर रहे सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के लिए वॉयस तथा डाटा सेवा हेतु मोबाइल नेटवर्क के विभिन्न मुख्य निष्पादन संकेतकों (केपीआई) का मूल्यांकन किया गया था। निष्कर्षों का सारांश नीचे दिया गया है:

**(क) कोटा शहर**:

**(i) वॉयस सर्विसेज:**

| क्रम सं | **मुख्य निष्पादन संकेतक** (आटो सेलेक्शन मोड (5G /4G /3G /2G) | **माप का प्रकार** | **एयरटेल** | **बीएसएनएल** | **आरजेआईएल** | **वीआईएल** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कॉल सेट अप सक्सेस रेट (सीएसएसआर) | % | 100.00 | 99.56 | 100.00 | 99.36 |
| 2 | कॉल सेट अप टाइम एवरेज (सीएसटी ) | sec. | 1.82 | 4.27 | 0.70 | 1.32 |
| 3 | ड्राप कॉल रेट (डीसीआर) | % | 0.00 | 1.56 | 0.21 | 0.00 |

| क्रम सं | मुख्य निष्पादन संकेतक (आटो सेलेक्शन मोड (5G /4G /3G /2G) | माप का प्रकार | एयरटेल | बीएसएनएल | आरजेआईएल | वीआईएल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | काल साईलेंस रेट (म्यूट काल) | % | 0.88 | NA* | 1.11 | 0.44 |
| 5 | मीन ओपिनियन स्कोर (एमओएस) | 1-5 | 4.02 | 2.30 | 3.89 | 4.55 |

*बीएसएनएल 4G में VoLTE/VONR सेवाएं नहीं देता है

**(ii) डाटा सर्विसेज:**

| क्रम सं. | मुख्य निष्पादन संकेतक (आटो सेलेक्शन मोड (5G /4G /3G /2G) | माप का प्रकार | एयरटेल | बीएसएनएल | आरजेआईएल | वीआईएल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | औसत डाउनलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 168.97 | 5.00 | 307.24 | 46.24 |
| 2 | औसत अपलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 42.24 | 5.41 | 38.01 | 15.73 |
| 3 | लेटेंसी (50वां पर्सेंटाईल ) | in ms | 27.25 | 29.2 | 15.6 | 24.6 |

कोटा शहर में आकलन में ढाकरखेड़ी, सुखपुरा, प्रेम नगर, राजनागा, बोरखंडी, नया नोहरा, चित्रेश नगर, मानपुरा, सोगरिया, बापू कॉलोनी, नयापुरा, बजाज नगर, रिधि-सिद्धि नगर, स्वामी विवेकानंद नगर, बरदा बस्ती, सुभाष नगर आदि क्षेत्र शामिल थे।

कोटा शहर में 05-07-2025 को आयोजित वॉक टेस्ट कोटा रेलवे स्टेशन पर केंद्रित था, जो आम जनता के लिए महत्वपूर्ण स्थान है।

**(ख) बांदीकुई-भरतपुर-कोटा रेलमार्ग:**

**(i) वॉयस सर्विसेज:**

| क्रम सं | मुख्य निष्पादन संकेतक (आटो सेलेक्शन मोड (5G /4G /3G /2G) | माप का प्रकार | एयरटेल | बीएसएनएल | आरजेआईएल | वीआईएल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कॉल सेट अप सक्सेस रेट (सीएसएसआर) | % | 100.00 | 85.44 | 100.00 | 94.85 |
| 2 | औसत कॉल सेट अप टाइम (सीएसटी) | sec. | 1.96 | 3.10 | 0.88 | 2.40 |
| 3 | ड्राप कॉल रेट (डीसीआर) | % | 1.08 | 12.50 | 0.00 | 4.35 |

**(ii) डाटा सर्विसेज:**

| क्रम सं. | मुख्य निष्पादन संकेतक (आटो सेलेक्शन मोड (5G /4G /3G /2G) | माप का प्रकार | एयरटेल | बीएसएनएल | आरजेआईएल | वीआईएल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | औसत डाउनलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 71.64 | 3.48 | 155.34 | 20.22 |
| 2 | औसत अपलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 16.37 | 5.32 | 15.99 | 8.59 |
| 3 | लेटेंसी(50वां पर्सेंटाईल ) | in ms | 28.20 | 32.95 | 21.95 | 28.20 |

बांदीकुई-भरतपुर-कोटा रेल मार्ग मंडावर, महवा रोड, खेरली, नदबई, भरतपुर, बयाना जंक्शन, हिंडौन, गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, इंदरगढ़ और लाखेरी जैसे महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों से होकर गुजरता है।

आईडीटी रिपोर्ट के निष्कर्षों को संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) के साथ साझा किया गया है ताकि उसे नोट किया जा सके और आवश्यकता होने पर उनकी ओर से आवश्यक कार्रवाई की जा सके।आईडीटी की विस्तृत रिपोर्टें भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध कराई गई हैं। किसी भी स्पष्टीकरण या अतिरिक्त जानकारी के लिए adv.jaipur@trai.gov.in या जयपुर में भादूविप्रा के क्षेत्रीय कार्यालय को एक ईमेल भेजा जा सकता है या टेलीफोन नंबर 91-141-2701919 पर संपर्क किया जा सकता है।

21/8/25

(राजेश कुमार अग्रवाल)
सलाहकार, जयपुर क्षेत्रीय कार्यालय